आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 19.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- भारत सरकार ने आपातकालीन हेल्पलाईन को एक ही हेल्पलाईन में एकीकृत करने के लिए ई आर एस एस एक एक दो नम्बर की शुरूआत की है।
- आज रक्षाबंधन है। इस अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने समस्त द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।
- देश में मंकीपॉक्स की स्थिति की समीक्षा के लिए सरकार ने उच्च स्तरीय बैठक की, राज्यों को निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया।
- द्वीपसमूह में कचरा मुक्त पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है।
- कुपोषण मुक्त अंडमान अभियान के तहत फरारगंज तहसील में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

भारत सरकार ने आपातकालीन हेल्पलाईन को एक ही हेल्पलाईन में एकीकृत करने के लिए ई आर एस एस एक एक दो नम्बर की शुरूआत की है। द्वीपसमूह में इस नम्बर की शुरूआत दो हजार उन्नीस में की गई। यह हेल्पलाईन नम्बर आपातकालीन सेवाओं तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है, जो पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन जैसी ऐजेंसियों से तत्काल सहायता पहुंचाती है। लोग किसी भी आपातकालीन स्थिति में एक एक दो नम्बर डायल कर सहायता प्राप्त कर सकते है। किसी भी स्मार्ट फोन का पावर बटन तीन बार दबाकर या सामान्य फोन में पांच और नौ नम्बर को लंबे समय तक दबाकर स्थिति की सूचना संबंधित विभाग को दी जा सकती है। यह सुविधा आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों और विभिन्न विभागीय नियंत्रण कक्षों से जुड़ी हुई है, जो पीड़ितो को समय पर सहायता पहुंचाने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करती है।

<><><><><><><>

आज रक्षाबंधन है। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने समस्त द्वीपवासियों को अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह शुभ त्यौहार भाई और बहन के बीच असीम प्रेम और स्नेह का प्रतीक है।

यह अवसर हमें स्नेह, बंधुत्व और एकता के साथ समाज में महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए स्वयं को प्रतिबद्ध करने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व समस्त द्वीपवासियों के जीवन में शांति और प्रसन्नता लेकर आए जिससे यह द्वीपसमूह अपने प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे।

<><><><><><><>

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने द्वीपवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने द्वीपवासियों को बधाई देते हुए कहा कि रक्षा बंधन का यह त्यौहार भाई बहन के बीच प्रेम, एक दूसरे के प्रति रक्षा और दायित्व का बोध कराता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने कल देश में मंकी पॉक्स की स्थिति तथा स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। डॉ. मिश्रा ने राज्यों को इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय करने तथा निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीमारी का तुरंत पता लगाने के लिए जांच प्रयोगशालाओं के नेटवर्क को बढाने के निर्देश दिए। फिलहाल जांच के लिए बत्तीस प्रयोगशालाएं तैयार है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बीमारी के इलाज और रोकथाम के प्रोटोकॉल का प्रचार व्यापक स्तर पर किया जाना चाहिए। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई मामला नहीं है। वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार इस बीमारी के प्रसार और व्यापक स्तर पर फैलने का जोखिम भी कम है।

<><><><><><><>

साइबर जागरूकता को मज़बूत करने के लिए अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से हाल ही में साइबर सुरक्षित द्वीप योजना की शुरूआत की गई है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने इस योजना की पहल की है। इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य साइबर सुरक्षा को बढ़ाना, साइबर खतरों के बारे में द्वीपवासियों को अपडेट करना और खुद को सुरक्षित रखने के तरीके सिखाना है। साथ ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तीनों ज़िलों में आम जनता, सरकारी कर्मचारियों, निजी क्षेत्र के श्रमिकों और गैर सरकारी संगठनों को साइबर सुरक्षा जानकारी प्रदान करना है।

सी.आई.डी के पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि साइबर सुरक्षित द्वीप योजना हमारी साइबर सुरक्षा को मज़बूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह को कचरा मुक्त बनाए रखने के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से  मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कचरा मुक्त पंचायत अभियान की शुरूआत की गई है। इस अभियान के तहत ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकायों की ओर से सभी सत्तर पंचायतों में इसका शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य  स्वच्छता को बढावा देना, सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और लोगों में जागरूकता पैदा करना है ताकि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अभियान में पंचायती राज संस्थान के सभी सदस्य, प्रधान और वार्ड सदस्यों ने बढ़—चढ़कर भाग लिया। अभियान के तहत कुल दो हजार किलोग्राम अलग—अलग सूखा कचरा एकत्र किया गया। ग्रामीण विकास सचिव ने इस अभियान में सभी लोगों की भागीदारी के लिए उनके प्रति अपना आभार प्रकट किया है ।

<><><><><><><>

डॉ.बी.आर अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हाल ही में करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों को भारतीय नौसेना में व्यापक और पुरस्कृत करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट कमांडर अभिषेक कुमार और लेफ्टिनेंट पी एस साई विकास ने विभिन्न इंजीनियरिंग विषयों के दो सौ छात्रों को शॉट सर्विस कमिशन और यूनिवर्सिटी एंट्री स्कीम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकों अपने करियर पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

<><><><><><><>

श्री शिव शंकर मन्दिर रांची बस्ती की ओर से आज कावड यात्रा का आयोजन किया गया है। ये यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुज़रेगी।

<><><><><><><>

डिगलीपुर पुलिस ने स्नैचिंग मामलें का सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए सूरज मजूमदार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। डिलीपुर के राधाकृष्ण मन्दिर के पास से एक महिला के हैंड बैग छीने जाने की शिकायत दर्ज होने के बाद डिगलीपुर के एस डी पी ओ अंकेश यादव के नेतृत्व में तलाश अभियान चलाया गया। जिसके बाद अपराधी को हिरासत में लिया गया। तलाशी के बाद आरोपी सूरज मजूमदार के पास से चोरी की गई सम्पत्ति बरामद की गई। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरे मामले को पुलिस अधीक्षक गीताजंति खंडेलवाल की निगरानी में अंजाम दिया गया। आम जनता से कहा गया है कि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को दें।

<><><><><><><>

ग्राम पंचायत मायाबंदर की टीम ने डी सी कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीत लिया है। फाइनल में इसने यंग बॉयज़ की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलकुश मीणा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ खिलाड़ियों को अपने कौशल दिखाने का अवसर मिलता है बल्कि इसके ज़रिए समुदाय को पास लाने में भी मदद मिलती है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार भवन और अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड ने प्रशासनिक अधिकारी, लेखाकार, कम्पयूटर सहायक, कार्यालय व फील्ड सहायक जैसे पदों में भर्ती की जाएगी। अनुबंध के आधार पर ग्यारह महीने के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह पदों के हिसाब से एकमुश्त राशि दी जाएगी। तेईस अगस्त को सुबह नौ बजे से श्रम आयुक्त के सम्मेलन कक्ष में सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

कुपोषण मुक्त अंडमान अभियान के तहत फरारगंज तहसील में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मीठाखाडी पंचायत हॉल में आयोजित कार्यक्रम में एस डी एम विनायक चमाडिया सहित गैर सरकारी संगठन विद यू और समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। कुपोषित और अनीमिया से ग्रसित पचास से अधिक बच्चों को पोषण सामग्रियों का वितरण किया गया।

उधर, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से फॉर्टीफाइड राईस का वितरण किया जा रहा है। विभाग की ओर से समय समय पर इस सम्बंध में पंचायतों में जागरूकता शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं।

**<><><><><><><>**